अमर उजाला 16/10/2022

# जागरूकता रैली को प्राचार्य ने किया रवाना



अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कंप्यूटर विभाग और बीआईएस (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टेंडर्डेड) द्वारा एक दिवसीय गतिविधि का आयोजन किया गया। इसमें बीसीए प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस गतिविधि का मुख्य उद्‌देश्य डोर टू डोर कैंपेन और लोगों को जागरूक करना था। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने इस रैली को रवाना किया। डॉ. वीके जैन ने श्याम रहेजा व गायत्री को इस सफल कार्यक्रम हेतु बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को इन गतिविधियों के प्रति प्रेरित करते हुए कार्यक्रम को भविष्य में भी करने की बात कही। संवाद